# त्रिनिदाद और टोबैगो में आपातकाल घोषित

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

**हाल ही में त्रिनिदाद और टोबैगो ने देश में सामूहिक हिंसा में वृद्धि के बाद आपातकाल** की स्थिति घोषित कर दी है, जिसके परिणामस्वरूप वर्ष 2013 के बाद से वार्षिक मृत्यु दर उच्चतम हो गई है।

- त्रिनिदाद और टोबैगो की जनसंख्या **1.5 मिलियन है,** यहाँ **हत्या की दर सबसे अधिक है**।
- इससे पहले आपातकाल की घोषणा वर्ष **2014 में** सामूहिक हिंसा के लिये तथा वर्ष 2021 में **कोविड-19** प्रतिबंधों के लिये की गई थी।

## भारत के साथ संबंध:

- त्रिनिदाद और टोबैगो **भारत के UPI प्लेटफॉर्म को अपनाने वाला पहला कैरेबियाई देश है।**
- दोनों देशों ने वर्ष **1997** में एक दूसरे को **सर्वाधिक पसंदीदा राष्ट्र (MFN) का दर्ज़ा दिया**।
    - **यहाँ वित्त वर्ष 2023-24 में** द्विपक्षीय व्यापार रिकॉर्ड 368.96 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँच गया।
- देश की कुल जनसंख्या में भारतीय **प्रवासियों की** भागीदारी लगभग **42 % है।**

## त्रिनिदाद और टोबैगो का परिचय:

- **राजधानी:** पोर्ट ऑफ स्पेन।
    - **स्थान: दक्षिण-पूर्वी वेस्ट इंडीज में वेनेज़ुएला और गुयाना** के पास स्थित द्वीपीय देश।
    - **स्वतंत्रता: 31 अगस्त 1962 को ब्रिटेन** से स्वतंत्रता प्राप्त करने **और वर्ष 1976 में गणतंत्र बनने के बाद, यह देश** कैरेबियन समुदाय (CARICOM) का सदस्य है।
- **भौगोलिक विशेषता:**
    - **सबसे ऊँचा स्थान:** माउंट एरिपो
    - **प्रमुख नदियाँ:** ओर्टोइरे और कारोनी (Ortoire and Caroni)।
    - **प्राकृतिक संसाधन:** पिच लेक, विश्व का सबसे बड़ा डामर/एस्फॉल्ट भंडार।
    - **पर्वत शृंखला: उत्तरी श्रेणी, एंडीज** का भाग।




**और पढ़ें...** [दूसरा भारत-कैरकॉम शिखर सम्मेलन]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/emergency-declared-in-trinidad-and-tobago